सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 05 जुलाई, 2022

मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी पुस्तक ''भंवरः एक प्रेम कहानी'' राज्यपाल को भेंट की और पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस उपन्यास में उन्होंने अपने जीवन में घटित सभी संस्मरणों एवं अनुभूतियों का वर्णन किया है।

राज्यपाल ने कहा की इस पुस्तक के माध्यम से मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने का जो प्रयास किया गया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों के साथ–साथश्री रतूड़ी ने जिस तरह अपनी साहित्यिक अनुभूतियों को बचा कर रखा वह प्रशंसनीय है।

...........0............